# 13 राजस्थान की झीलें व बावड़ियाँ

1. जैत सागर झील कहाँ स्थित है–
(1) शाहपुरा (2) कोटा
(3) सांचौर (4) बूँदी (4)

**व्याख्या–** यह झील तारागढ़ किले के पास स्थित है। इस झील का प्रारम्भ में निर्माण बूँदी के शासक जैता मीणा के द्वारा करवाया गया था। बाद में राव राजा सुर्जनसिंह की माता रानी जयवंती ने 1588 ई. में इसका जीर्णोद्वार करवाया था।

2. पचपदरा झील स्थित है?
(1) बालोतरा (2) बाड़मेर
(3) फलौदी (4) जयपुर ग्रामीण (1)

**व्याख्या–** पचपदरा झील राजस्थान की खारे पानी की दूसरी बड़ी झील है। यहाँ का नमक सर्वोच्च कोटि का व सबसे खारा है। इसमें 98 प्रतिशत सोडियम क्लोराइड पाया जाता है।

3. स्वरूप सागर झील किस जिले में स्थित है–
(1) डीग (2) उदयपुर
(3) गंगापुरा सिटी (4) सलूम्बर (2)

**व्याख्या–** इस झील का निर्माण महाराजा स्वरूपसिंह ने 1857 ई. में करवाया था। यह तंग झील पिछोला व फतेहसागर झीलों को जोड़ती है।

4. सोडियम सल्फेट का कारखाना (जो कृत्रिम रूप से लवण तैयार करने में काम आता है जिसे कागज बनाने में उपयोग लिया जाता है) कहाँ है–
(1) सांभर (फुलेरा, जयपुर ग्रामीण)
(2) लूणकरणसर (बीकानेर)
(3) डीडवाना (डीडवाना–कुचामन)
(4) पचपदरा (बालोतरा) (3)

**व्याख्या–** डीडवाना झील का नमक खाने योग्य नहीं है। इस झील को 'खाल्डा' भी कहा जाता है।

5. खारवाल जाति के लोग नमक कहाँ बनाते हैं?
(1) पचपदरा (2) डीडवाना
(3) फलौदी (4) सांभर (1)

6. पर्यटन के क्षेत्र में सांभर झील को किस नाम से जाना जाता है
(1) हनीमून साइट (2) रायसेन साइट
(3) रामसर साइट (4) फूलेरा साइट (3)

7. विश्व प्रसिद्ध ब्रह्माजी का मन्दिर किस झील के किनारे स्थित है?
(1) नक्की (2) आनासागर
(3) पुष्कर (4) मोती झील (3)

8. 'देवताओं द्वारा अपने नाखूनों से इस झील को खोदा गया है' ऐसी मान्यता किस झील के बारे में है?
(1) राजसमंद (2) जयसमन्द
(3) नक्की (4) पुष्कर (3)

**व्याख्या–** नक्की झील गरासिया जनजाति की पवित्र झील है। गरासिया जनजाति के लोग अपने पूर्वजों की अस्थियाँ इसी झील में प्रवाहित करते हैं।

9. भौगोलिक मान्यताओं के अनुसार ज्वालामुखी द्वारा किस झील का निर्माण हुआ?
(1) बालसमन्द (2) पुष्कर
(3) कायलाना (4) कोलायत (2)

10. फतेहसागर झील के मध्य निर्मित सौर वैधशाला का निर्माण किसकी तर्ज पर हुआ?
(1) U.S.A. के कैलिफॉर्निया की सौर वैधशाला के तर्ज पर
(2) ब्रिटेन के लंदन की सौर वैधशाला के तर्ज पर
(3) हैदराबाद की हुसैनसागर झील की तर्ज पर
(4) श्रीनगर की डल झील की तर्ज पर (1)

11. विनयसिंह द्वारा अपनी पत्नी शीला के नाम पर किस झील का निर्माण करवाया गया?
(1) कनक सागर (2) पीथमपुरी
(3) सिलीसेढ़ (4) तलवाड़ा झील (3)

**व्याख्या–** यह झील 'राजस्थान का नन्दनकानन' कहलाती है, इस झील के किनारे नाथ पंथियों का तीर्थ भर्तृहरि का मंदिर व गुफा स्थित है।

12. अर्णोराज द्वारा तुर्कों के संहार के बाद खून से रंगी धरती को साफ करने के लिए किस झील का निर्माण करवाया गया था?
(1) पुष्कर झील (2) आनासागर
(3) फॉयसागर (4) मोती झीज (2)

**व्याख्या–** इस झील का निर्माण आना जी ने 1135 से 37 ई. के मध्य करवाया था, इस झील के किनारे जहाँगीर ने नूरजहाँ का महल बनवाया था।

13. श्यामपुरा व भाट नहरें निकलती है–
(1) राजसमंद झील से (2) जयसमंद झील से
(3) मोती झील से (4) कायलाना झील से (2)

14. किस झील की आधारशिला ड्यूक ऑफ कनॉट द्वारा रखी गयी थी?
(1) जयसमंद (2) आनासागर
(3) फतेहसागर (4) पिछोला (3)

15. किस झील के किनारे रघुनाथजी का प्रसिद्ध मन्दिर स्थित है?
(1) जयसमन्द (2) पुष्कर
(3) नक्की (4) फॉयसागर (3)

16. निम्नांकित में से कौनसा जोड़ा सही सुमेलित नहीं है–
(1) नक्की झील–सिरोही (2) तलवाड़ा झील–अनूपगढ़
(3) ढेबर झील–सलूम्बर (4) पीथमपुरी झील–नीमकाथाना (2)

**व्याख्या–** तलवाड़ा झील हनुमानगढ़ जिले में स्थित है।

17. राजस्थान में गरासिया जनजाति की पवित्र झील है–
(1) नक्की (2) पुष्कर (3) कोलायत (4) बुझ झील (1)

18. बीसलसर झील का निर्माण बिसलदेव (विग्रहराज चतुर्थ) द्वारा कब करवाया गया?
(1) 1133 से 1137 तक (2) 1142 से 1152 तक
(3) 1152 से 1162 तक (4) 1185 से 1191 तक (3)

19. सांभर झील को कब रामसर साईट घोषित किया गया–
(1) 23 मार्च 1990 (2) 23 मार्च 1988
(3) 23 मार्च 1992 (4) 23 मार्च 1986 (1)

20. त्रिमुखी बावड़ी स्थित है–
(1) देबारी (उदयपुर) (2) सलूम्बर
(3) सादड़ी (प्रतापगढ़) (4) कुम्भलगढ़ (राजसमंद) (1)

21. राजस्थान की कौनसी झील के किनारे टॉड रॉक, नन रॉक व नन्दी रॉक स्थित है–
(1) पुष्कर झील (2) कायलाना झील
(3) नक्की झील (4) गैप सागर झील (3)

22. बीकानेर में खारे पानी की कौन सी झील है –
(1) कावोद (2) फलौदी
(3) लूणकरणसर (4) रेवासा (3)

23. कर्नल टॉड ने महाराणा प्रताप द्वारा मानसिंह के रात्रि भोज का आयोजन व मानसिंह के अपमान की घटना मेवाड़ की किस झील किनारे होना बताया है–
(1) बड़ी झील (2) पिछोला
(3) उदयसागर (4) फतेहसागर (3)

24. किस झील के बारे में मान्यता है कि उसका निर्माण पीच्छू नामक बंजारे ने करवाया था–
(1) पिछोला झील (2) फतेहसागर झील
(3) स्वरूपसागर झील (4) उदयसागर झील (1)

25. 'परचा बावड़ी' कहाँ स्थित है?
(1) सांचौर (2) पचपदरा
(3) खेतड़ी (4) रामदेवरा (4)

26. रेगिस्तान का जलमहल कहा जाता है?
(1) जसवन्त थड़ा, जोधपुर (2) बाटाडू का कुआँ, बाड़मेर
(3) जैतसर, अनूपगढ़ (4) इनमें से कोई नहीं (2)

27. भरतपुर की जीवन रेखा किसे कहा जाता है–
(1) राम सागर झील (2) मोती झील
(3) सुजान गंगा झील (4) तालाब शाही झील (2)

28. राजस्थान का कौनसा क्षेत्र बावड़ियों के स्थापत्य के लिए प्रसिद्ध है?
(1) मारवाड़ (2) ढूढ़ाड़
(3) शेखावाटी (4) मेवात (3)


29. 'प्रयागराज का गुरू' किस झील को कहा जाता है–
(1) पुष्कर झील (2) नक्की झील
(3) कोलायत झील (4) रामदेवरा झील (1)

30. झील का बारां कहाँ स्थित है।
(1) बयाना (भरतपुर) (2) धौलपुर
(3) बारां (4) कोटा (1)

Dhindhwal Publication Lead, Read and Achieve

## राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।